अर्हम्

शुभम् भूयात् मंगलम् भूयात् कल्याणम् भूयात्

अहिंसा यात्रा

# पाथेय

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्

सेवा संस्कार संगठन

वर्ष – 8 अंक : 14

फरवरी 2015

**धम्मो मंगल–मुक्किट्ठं, अहिंसा संजमो तवो।
देवा वि तं नमंसंति, जस्स धम्मे सया मणो।।**

## अध्यक्ष उवाच्

प्रिय युवा साथियो

सादर जयजिनेन्द्र !

आचार्य तुलसी युवक शक्ति में बहुत विश्वास करते थे। युवकों के लिए उनकी अपनी एक सोच थी, परिभाषा थी कि सही अर्थों में युवक वही है जिसका मस्तिष्क प्रौढ़ हो और पैर तरूण हों। इसी आधार पर वे कहते थे, सभी वृद्ध युवक बन जाएं और सभी युवक वृद्ध बन जाएं। निष्कर्ष यह है कि अनुभव और जोश का समन्वय हो जाएं। इसी समन्वय का नाम है युवक। उन्होंने यह भी कहा–सेवा, ही संगठन की शक्ति का मूल आधार है। सेवा की परम्परा को जागरूकता के साथ निभाने का निरन्तर प्रयास हो। संघीय शक्ति को विकसित करने का यह एक अपूर्व माध्यम है। समाज के नव–निर्माण हेतु युवा पीढ़ी की तरूणाई को और उसके जोश को समाज एवं राष्ट्र आशाभरी निगाहों से देख रहा है।

तेरापंथ धर्मसंघ के लिए यह गौरव–महिमा का विषय है कि आचार्य श्री तुलसी ने युवकों के निर्माण के लिए युवाओं का एक सशक्त संगठन अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् का गठन किया। युवाओं के इस संगठन ने समाज निर्माण के संकल्प के साथ सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया है। आचार्यश्री तुलसी, आचार्यश्री महाप्रज्ञ एवं वर्तमान में आचार्यश्री महाश्रमण जी के दिशा–निर्देशन में उनके सपनों का सशक्त समाज बनाने की दिशा में यह संगठन एकजुट हो रहा है। धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में युवक बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। युवकों में संगठन के उद्देश्यों के प्रति भी जागरूकता बढ़ी है।

वर्तमान युग में परस्पर संस्कृतियों के मिलन के अवसर भी अति सुलभ हो गए हैं। परन्तु विभिन्न संस्कृतियों के घाल–मेल ने अधिकांशतः अनेकों युवकों को विकेन्द्रित एवं कुंठित भी किया है। इस चक्रव्यूह को तोड़ने के लिए व्यसन–मुक्त, आवेश–मुक्त और तनाव–मुक्त बनना आवश्यक है। हमारा सौभाग्य है कि हमें तेरापंथ जैसा सुदृढ़ धर्मसंघ मिला है, जिसमें युवाओं का यह संगठन अपनी ऊर्जा का प्रयोग सृजनात्मक कार्यों में लगाने को तत्पर है। इस संगठन की आज के परिप्रेक्ष्य में एक राष्ट्रव्यापी छवि बन रही है।

18 जनवरी 2015 को अभातेयुप की सत्र 2013–15 की चतुर्थ कार्यकारिणी बैठक आहूत की गई। बेंगलोर जैन समाज ने अभातेयुप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का भव्य स्वागत अभिनन्दन किया। कार्यकारिणी की इस विशेष बैठक में अभातेयुप से पूर्व में जुड़े विशिष्ट जनों की उपस्थिति और मार्गदर्शन ने कार्यकर्त्ताओं के उत्साह को द्विगुणित किया। बैठक में अभातेयुप की गति–प्रगति, भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा, एटीडीसी नीति, प्रकाशन सम्बन्धी विषय, वित्तीय सुदृढ़ीकरण, देशभर में कार्यरत शाखा परिषदों की सार–संभाल, सम्पर्क तथा संवाद मजबूत बनाने, समाज के जरूरतमंद शिक्षार्थियों की स्थाई हॉस्टल व्यवस्था, चारित्रात्माओं की रास्ते की सेवा आदि अनुषंगी विषयों पर सभी उपस्थित साथियों ने गंभीर चिन्तन–मनन किया । परिषद् की इस कार्यकारिणी की बैठक की व्यवस्था अभातेयुप कोषाध्यक्ष श्री विमल कटारिया एवं तेयुप, विजयनगर ने जिस उत्साह के साथ सम्पादित कि, वे साधुवाद के पात्र हैं। भाई श्री विमल कटारिया ने न केवल मेजबानी का लाभ लिया अपितु परिषद् के चौका 'सत्कार' एवं आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए एक विशिष्ट अनुदान राशि भी केन्द्रीय परिषद् को देने की









घोषणा की इस हेतु कटारिया परिवार के प्रति हार्दिक आभार ।

साथियो ! परिषद् का एक अभिनव उपक्रम ABTYP JTN व्यवस्थित रूप से संचालित हो रहा है। इसके अन्तर्गत् दिनांक 25 जनवरी 2015 को इंटरनेट रेडियो स्टेशन का लोकार्पण किया गया । इसका पहला सीधा प्रसारण 26 जनवरी 2015 को आयोजित तेरापंथ धर्मसंघ के 151वें मर्यादा महोत्सव का कानपुर से ऑडियो प्रसारण के रूप में किया गया जो काफी लोकप्रिय रहा। ABTYP JTN के इस उपक्रम से सैंकड़ों कार्यकर्त्ताओं की टीम जुड़कर हजारों–लाखों व्यक्तियों तक संघीय समाचारों एवं अवदानों की जानकारी सुव्यवस्थित ढ़ंग से सम्प्रेषित कर रही है। ABTYP JTN का समय–समय पर क्षेत्रीय सम्मेलन भी आयोजित कर केन्द्रीय परिषद् इन कार्यकर्त्ताओं का उत्साहवर्धन एवं मार्गदर्शन भी प्रदत्त कर रही है। इसी शृंखला में ABTYP JTN का एक राष्ट्रीय सम्मेलन **''संवाद–2015''** का आयोजन दिनांक 28 फरवरी व 1 मार्च 2015 को चेन्नई में आयोज्य है। अभातेयुप के तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन के आयोजन का दायित्व तेयुप, चेन्नई ने सहर्ष स्वीकार किया है। ABTYP JTN से जुड़े देश–विदेश के सभी प्रतिनिधियों से यह अपेक्षा है कि वे इस सम्मेलन में सहभागी बनकर अपने चिन्तन–मनन एवं विचार–विमर्श के द्वारा इस कार्य को आगे बढ़ाने में योगभूत बनें।

4 जनवरी 2015 को केन्द्रीय परिषद् के तत्वावधान में आचार्यश्री महाश्रमण जी के विद्वान शिष्य मुनिश्री अर्हत्‌कुमार जी ठाणा–3 के सान्निध्य में राजस्थान स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में उपस्थित युवाओं को सक्रियता के साथ संघीय कार्यों से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया एवं विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस सम्मेलन के आयोजन का दायित्व तेयुप, भीलवाड़ा ने सफलतापूर्वक संपादित किया। परिषद् परिवार को साधुवाद।

मित्रो! 26 जनवरी 2015 गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में राजस्थान सरकार द्वारा अभातेयुप, जो राज्य स्तर पर एक मात्र संस्था थी, को चिकित्सा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु सम्मानित किया गया। राजस्थान के राजभवन में महामहिम राज्यपाल श्री कल्याणसिंह की उपस्थिति में राज्य की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे द्वारा राज्यभर से आए गणमान्य व्यक्तियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच अभातेयुप को विशेष सम्मान से नवाजा गया। पुज्य प्रवर आचार्यश्री महाश्रमण जी के आशीर्वाद से ओतःप्रोत मानव सेवा के क्षेत्र में अभातेयुप ने जन–कल्याण के कार्य किए और विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। राजस्थान सरकार ने भारत के राष्ट्रीय पर्व 'गणतंत्र दिवस' पर हमारे द्वारा किए गए जन–कल्याणकारी कार्यों को विशेष रूप से सम्मानित किया जो हमारे धर्मसंघ के लिए गौरव की बात है।

समय की पुकार है कि युवक अपने दायित्व को समझें। साथियो! दायित्व बोध और उसका निर्वहन वर्तमान की सबसे बड़ी अपेक्षा है। आओ ! सब मिलकर तेरापंथ धर्मसंघ के हर अवदान में प्राण–प्रण से जुड़कर अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

ओम अर्हम्

आपका अपना
**अविनाश नाहर**




















# दिशा - निर्देश

1. शाखा परिषदें पाथेय का वाचन अपनी कार्यसमिति की बैठक में अवश्य करें। दिशा–निर्देशों के प्रति सजगता एवं सक्रियता परिषदों के मूल्यांकन में महत्त्वपूर्ण होगी।
2. तेयुप कार्यकारिणी का प्रत्येक सदस्य पूर्ण रूप से व्यसन मुक्त होना अनिवार्य है। अगर कोई भी पदाधिकारी/कार्यसमिति सदस्य व्यसन मुक्त नहीं है तो वह व्यसन मुक्त बनें या आत्मसाक्षी से अपने पद/दायित्व का विसर्जन करें।
3. स्थानीय शाखा परिषदें अपने क्षेत्र में ही कार्य करें एवं मार्च 2015 तक किसी भी प्रकार की खेल प्रतियोगिता का आयोजन न करें। कोई भी शाखा परिषद् यदि कोई स्थायी प्रकल्प/कार्यक्रम करती है तो अभातेयुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष से अनुमति अवश्य प्राप्त करें।
4. शाखा परिषदें अपने बकाया शुल्क अभातेयुप के बैंक खाते (OBC, Ladnun A/c No. 10272010002800) या (SBI, Ladnun A/c No. 30313076278) में जमा करावें। रसीद की प्रतिलिपि पंजीकृत कार्यालय, लाडनूं में भिजवाएं। अभातेयुप कार्यालय एवं प्रकाशन से सम्बन्धित सभी प्रकार के पत्राचार प्रशासनिक कार्यालय (दिल्ली) से ही करें।
5. अभातेयुप के तत्त्वावधान में आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा महामंत्री कार्यालय से निश्चित रूप से स्वीकृत करावें, निर्देश की अवहेलना पर अभातेयुप का तत्त्वावधान नहीं माना जाएगा।
6. शाखा प्रभारी अपने प्रभार की परिषदों से निरन्तर सम्पर्क में रहकर उनके कार्यों में सहयोग एवं मार्गदर्शन करें। साथ ही शाखा परिषदें भी अपने प्रभारी के साथ निरन्तर संपर्क में रहें।
7. आपके सुझाव एवं पतों में परिवर्तन तथा प्रकाशन सम्बन्धित शिकायतों की जानकारी suggestion.abtyp@gmail.com पर मेल करें।
8. शाखा परिषदें अपने कार्यक्रमों की जानकारी द्विमासिक रिपोर्ट के प्रारूप में ही भरकर भिजवाएं न कि प्रत्येक कार्यक्रम की सूचना/रिपोर्ट अलग से भिजवाएं। रिपोर्ट महामंत्री एवं शाखा प्रभारी के पास ही भेजें। कार्यक्रम की रिपोर्ट सम्बन्धित कार्यक्रम संयोजक को अवश्य भेजें।
9. शाखा परिषदें अपने–अपने क्षेत्रों में निम्न विषयों पर क्षेत्रीय कार्यशालाएं आयोजित कर सकती हैं :–

   **1. व्यक्तित्व विकास कार्यशाला, 2. जैन संस्कार कार्यशाला, 3. किशोर मण्डल सम्मेलन।** जो परिषदें अपने क्षेत्र में क्षेत्रीय/आंचलिक कार्यशालाएं/सम्मेलन आयोजित करना चाहती हैं, वे अपने शाखा प्रभारी के माध्यम से कार्यक्रम प्रभारी एवं महामंत्री कार्यालय से सम्पर्क करें।
10. अभातेयुप के पदाधिकारी किसी भी शाखा परिषद् की संगठन यात्रा पर आएं, तब वहां की परिषद् साफा, शॉल, माला, मोमेन्टो, साहित्य एवं किसी भी प्रकार के गिफ्ट इत्यादि से सम्मान करने का क्रम न रखें। आपका उदारमना सहयोग एवं आदरभाव ही कार्यकत्ताओं के लिए प्रेरक बनता है।
11. केन्द्रीय परिषद् से जुड़े हुए स्थानीय व्यक्ति स्थानीय शाखा परिषद् कार्यसमिति में अनिवार्य रूप से विशेष आमंत्रित/कार्यसमिति सदस्य/प्रभारी/पदाधिकारी/परामर्शक के रूप में हों।
12. स्थानीय परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अगर उसी स्थान पर अभातेयुप का पदाधिकारी हो तो उस कार्यक्रम की अध्यक्षता वे ही करें, ऐसा सुनिश्चित हो।
13. सभी शाखा परिषदें प्रत्येक माह की भिक्षु स्वामी की तेरस को धम्मजागरण का कार्यक्रम अवश्य समायोजित करें।
14. अभातेयुप के पदाधिकारी/प्रभारी/कार्यसमिति सदस्य/क्षेत्रीय सहयोगी द्वारा सम्पन्न संगठन यात्राओं का संक्षिप्त विवरण pathey.abtyp@gmail.com पर प्रत्येक महीने की अन्तिम तिथि तक आवश्यक रूप से मेल करें।
15. अभातेयुप की टीम द्वारा उपवास एवं एकासन का क्रम 1 दिसम्बर 2013 से प्रारम्भ हो गया था जो अनवर्त चल रहा है। निर्जरा के इस उपक्रम में शाखा परिषद् के साथी भी सहभागी बन सकते हैं। उपवास व एकासन की बारी के लिए अपना नाम **श्री रमेश डागा (चैन्नई) 09840136646** को लिखावें।
16. परिषद् के अधिक से अधिक सदस्य नियमित सामायिक एवं श्रावक प्रतिक्रमण कण्ठस्थ करने का सलक्ष्य प्रयास करें।
17. अभातेयुप द्वारा संचालित जैन तेरापंथ न्यूज (JTN) में समाचार प्रेषण हेतु ई–मेल : jtnmain@gmail.com एवं समाचार देखने हेतु www.jainterapanthnews.in व www.facebook.com/jainterapanthnews1 का उपयोग करें।
18. जिन कार्यसमिति सदस्यों, क्षेत्रीय सहयोगियों एवं समिति सदस्यों ने लगातार कार्यसमिति की दो बैठकों में उपस्थिति दर्ज नहीं कराई है, उनकी सदस्यता संविधान के अनुसार स्वत: रद्द हो गई है।
19. समस्त परिषदें अपने सदस्यों की सूची अनिवार्य रूप से भेजें। सूची में पूर्ण पता मय पिन कोड़, मोबाईल नम्बर, फोन नम्बर, निवास व कार्यक्षेत्र, जन्म दिनांक मय महीना व वर्ष, ब्लड ग्रुप व ई–मेल ID सहित Excel Format में भेजें।

**श्री अमित नाहटा ( संगठन मंत्री, अ.भा.ते.यु.प )**
Sri Jain Distributors
Mahavir Nagar, Araria Court - 854 311, Bihar
Mob : 09931708149, e-mail : amitabtyp@gmail.com

# आगामी कार्यक्रम

| क्र. सं. | कार्यक्रम व कार्यशाला | दिनांक | संयोजक |
|---|---|---|---|
| 1 | जैन दर्शन, तेरापंथ दर्शन, तत्वज्ञान प्रशिक्षण कार्यशाला | कोर्स के आधार पर वर्ष पर्यन्त | श्री अनिल सांखला |
| 2 | रक्तदान शिविर एवं जागरूकता अभियान | वर्ष पर्यन्त | श्री संजय भंसाली, सूरत |
| 3 | व्यक्तित्व विकास कार्यशाला | वर्ष पर्यन्त | श्री संजीव जैन (बैद) |
| 4 | स्वच्छता एवं स्वस्थता अभियान<br>Clean & Healthy India - Strong India | वर्ष पर्यन्त | श्री भूपेश कोठारी |
| 5 | JTN राष्ट्रीय प्रतिनिधि सम्मेलन | 28 फरवरी, 1 मार्च 2015 (चेन्नई) | श्री संजय वैद मेहता |
| 6 | साउथ इण्डियन तेरापंथ आईडल (फाईनल) | 28 फरवरी 2015, चेन्नई | श्री रमेश डागा |
| 7 | युवा दिवस (आचार्य श्री महाश्रमण दीक्षा दिवस)<br>(बी.पी. एवं शुगर टेस्टिंग) | 2 मई 2015 | श्री जगत संचेती |
| 8 | पंचम कार्यसमिति बैठक | 17 मई 2015, अहमदाबाद | ..... |
| 9 | 10वाँ किशोर मण्डल अधिवेशन | 17–18 मई 2015 (अहमदाबाद) | श्री नवीन वागरेचा, प्रभारी किशोर मण्डल<br>श्री मुकेश गुगलिया |
| 10 | विश्व पर्यावरण दिवस | 5 जून 2015 | श्री किशोर भंसाली |
| 11 | नशामुक्ति अभियान | 26 जून 2015<br>एवं वर्ष पर्यन्त | श्री बसंत पटावरी<br>श्री राजेश बैद |
| 12 | मंत्र दीक्षा | 31 जुलाई 2015 | श्री संदीप डूंगरवाल |
| 13 | तेरापंथ टेलेंट हंट | अगस्त 2015 | टीम किशोर मण्डल |
| 14 | छठी कार्यसमिति बैठक | 8 अगस्त 2015, सिरीयारी | ..... |
| 15 | अर्द्धवार्षिक अधिवेशन एवं कार्यकर्त्ता प्रशिक्षण शिविर | 9 अगस्त 2015, सिरीयारी | श्री सुरेन्द्र सेठिया |
| 16 | जैन विद्या कार्यशाला | 10 से 24 अगस्त 2015 | श्री रमेश पटावरी |
| 17 | अभिनव सामायिक | 16 अगस्त 2015 | श्री लक्की कोठारी |
| 18 | बारह व्रत कार्यशाला | 30 अगस्त 2015 | श्री संदीप कोठारी |
| 19 | जैन विद्या परीक्षा | 30 अगस्त 2015 | श्री रमेश पटावरी |
| 20 | सप्तम कार्यसमिति बैठक | 1 अक्टूबर 2015 (विराटनगर) | ..... |
| 21 | 49वां वार्षिक अधिवेशन | 2, 3, 4 अक्टूबर 2015 (विराटनगर) | श्री अमित नाहटा |

**नोट : विशेष परिस्थितियों में कार्यक्रमों में परिवर्तन की सूचना यथा समय प्रेषित की जा सकेगी।**

## अहिंसा यात्रा में रास्ते की सेवा हेतु आह्वान

तेरापंथ धर्मसंघ सेवा के लिए जैन धर्म में अपनी एक विशिष्ट पहचान रखता है। कई अवसरों पर तेरापंथ को सेवा के पर्यायवाची के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। सेवा केन्द्रों पर जब श्रावक समाज जाकर देखता है तो वहां उसे तेरापंथ का जीवन्त रूप दिखाई देता है। तेरापंथ युवक परिषद् की युवा शक्ति इसी का अनुसरण करते हुए आचार्यप्रवर एवं चारित्रात्माओं के रास्ते की सेवा व गोचरी–पानी की सेवा में विवेक के साथ अग्रसर रहती है।

अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमणजी की अहिंसा यात्रा दिनांक : 9 नवम्बर 2014 को लाल किला, दिल्ली से प्रारम्भ हो गयी है। अहिंसा यात्रा देश के विभिन्न क्षेत्रों के साथ नेपाल व भूटान का भी स्पर्श करेगी। इस अहिंसा यात्रा में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् अपनी शाखा परिषदों से आह्वान करती है कि पूज्यप्रवर के विहार में रास्ते की सेवा व उपासना करने हेतु ज्यादा से ज्यादा संख्या में सदस्यों को प्रोत्साहित करें।

अभातेयुप दिल्ली से बिराटनगर (नेपाल) तक की यात्रा का कार्यक्रम 'पहले आओ, पहले पाओ' की नीति पर आधारित हैं। जनवरी माह में तेरापंथ युवक परिषद्–बालोतरा, जसोल, कानपुर, कांकरोली एवं जयपुर ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवायी है। इच्छुक परिषदें क्षेत्र का नाम, दिनांक (अनुकूलतानुसार) व सदस्य के नाम मय परिचय के साथ रजिस्टर्ड करवाने हेतु सम्पर्क करें :–

**श्री संजय जैन ( पर्यवेक्षक )**
Parag Properties
15-A, Behind Anaj Mandi, Bhattu Road
Fatehabad - 125050 (Haryana)
M. : 09215517430
E-mail : sanjayabtyp@gmail.com

**श्री रमेश सोनी ( प्रभारी–सेवा )**
Mahaveer Granite & Marble Udyog
Kalla Khedi Viran, Karziya Ghati, NH-8
Nathdwara - 313301, Dist. Rajsamand (Raj.)
M. : 09414171353
E-mail : kamleshdhakar1961@gmail.com

**श्री संजय चोरड़िया ( सहप्रभारी–सेवा )**
M/s Balaji Enterprises
Opp. Cine Magic Cinema, Road No. 5
Rani Bazar, Bikaner - 334001 (Raj.)
M. : 9413684270
E-mail : sanjayjainbkn@gmail.com

## जैन दर्शन, तेरापंथ दर्शन एवं तत्वज्ञान प्रशिक्षण कार्यशाला

1. **प्रथम स्तरीय पाठयक्रम ( अवधि 3 माह )**
   1. जैन विद्या – भाग 1
   2. जैन धर्म एवं तेरापंथ की सामान्य जानकारी (आधार–उपासक श्रेणी प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु संक्षिप्त संकलन)
2. **द्वितीय स्तर पाठ्यक्रम ( अवधि 4 माह )**
   1. जैन विद्या – भाग 2
   2. जैन तत्व विद्या – भाग 1 (कालू तत्व शतक के प्रथम वर्ग का अध्ययन)
   3. ऐसे थे भिक्षु – मुनि मोहनलाल (आमेट)
3. **तृतीय स्तर पाठ्यक्रम ( अवधि 5 माह )**
   1. भिक्षु विचार दर्शन (आचार्य महाप्रज्ञ)
   2. जीव–अजीव (आचार्य महाप्रज्ञ)
   3. कंठस्थ ज्ञान :– परमेष्ठी वन्दना, अर्हत वंदना, पंचपद वंदना, पच्चीस बोल एवं प्रतिक्रमण
   4. जैन विद्या – भाग 3

**अनिल सांखला ( संयोजक )**
Dhanshree Electronics
179, 'D' Wing, Ground Floor,Galani Market, Jalgaon-425 001 (Maharashtra)
Mob. : 9823095738 E-mail : anilsankhala@gmail.com

## रक्तदान शिविर एवं जागरूकता अभियान

17 सितम्बर 2012 एवं 6 सितम्बर 2014 को अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा आयोजित मेगा ब्लड डोनेशन ड्राईव का परिषदों द्वारा सफल आयोजन कर देश–विदेश में लगभग 2 लाख यूनिट ब्लड एकत्रित कर जरूरतमंद लोगो को समर्पित किया गया। जिससे एक जान को नई जिन्दगी मिली, साथ ही पूरे भारत में रक्तदान करने के प्रति जनता में जागरूकता भी बढ़ी है। इस महा–अभियान से तेरापंथ धर्मसंघ एवं अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् की ख्याति पूरे विश्व में बनी है। परिषदों से आह्वान है कि वे अपनी अनुकूलतानुसार वर्ष भर में महिना एवं दिनांक का चयन कर मानवता को समर्पित रक्तदान शिविर एवं जागरूकता अभियान का हिस्सा बनें एवं इसकी सूचना कार्यक्रम संयोजक को अतिशीघ्र प्रेषित करें। अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें।

**श्री संजय भंसाली ( संयोजक )**
L-1061, Surat Textile Market, Ring Road, Surat - 395002 (Gujrat)
Mob : 09824139031, E-mail : sanjupranju.bhansali@gmail.com

**नोट : मितव्ययता का ध्यान रखें।**

## स्वच्छता एवं स्वस्थता अभियान

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् अपने त्रिआयामी उद्देश्यों सेवा, संस्कार एवं संगठन के साथ गतिशील है। विगत वर्षों में संगठन ने सामाजिक सेवा के क्षेत्र में NGO के रूप में विशेष पहचान स्थपित की है। विभिन्न कार्यक्रमों की सफल आयोजना में आचार्य श्री महाश्रमण जी का आशिर्वाद सदैव साथ रहता है।

कई वर्षों से अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् अपनी शाखा परिषदों के माध्यम से स्वच्छता अभियान चला रहा है। इसके चलाने के पीछे मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के साथ स्वास्थ्य को प्राप्त करना है। इस वर्ष भारत गणतन्त्र के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2 अक्टूबर 2014 (राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयन्ती) पर स्वच्छ भारत अभियान प्रारम्भ करने की घोषणा की, जिसमें कई गणमान्य व्यक्ति एवं संगठन भी जुड़े है। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् भी राष्ट्र के साथ चलते हुए इस अभियान का हिस्सा बनने जा रहा है इसका आगाज तेयुप जसोल द्वारा दिनांक 27 नवम्बर 2014 राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अविनाश नाहर की अध्यक्षता में प्रारम्भ किया गया। आपसे निवेदन है कि वर्ष पर्यन्त चलने वाले इस अभियान में अपने श्रम का नियोजन करें।

**इस अभियान में विभिन्न रूप से जुड़ सकते है :**


1. सार्वजनिक जगहों पर डस्टबिन लगाना (सरकारी अस्पताल, बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन, राजकीय स्कूल आदि)।
2. जागरूकता रैली।
3. शौचालयों के निर्माण में सरकार के साथ सहयोग।
4. पान की दुकान पर पीकदान लगाना।
5. पेड़–पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड लगाना।
6. सार्वजनिक जगहों पर जहाँ गंदगी निरन्तर होती है वहाँ पर बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता पहुँचकर सफाई अभियान करना।
7. प्रचार–प्रसार के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना (पेम्पलेट, बैनर और सोशियल मीडिया के द्वारा)।
8. स्कूल में स्वच्छता के प्रति स्पेशल क्लासेज चलाना आदि।

**श्री भूपेश कोठारी ( संयोजक )**
Superbond Panel India Pvt. Ltd.
17, Super House, Amar Brass,
Ind. Estate CST Road, Kalina,Santacruz (East)
Mumbai - 400098 (Maharashtra)
M. : 09892199920
E-mail : superbond@superbondindia.co.in

## World Wide Matrimonial Application

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा समाज में विवाह योग्य युवक–युवतियों के परिचय हेतु Social Media के इस युग में 'World Wide Matrimonial Application' को लॉंच किया है। जिसमें युवक–युवतियां अपने Bio-Data को App में रजिस्टर्ड कर सकते हैं जिससे इन Data को App के माध्यम से देखा जा सकता है।




अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें : **श्री भूपेश कोठारी**, +91 98921 99920, E-mail : superbondindia@yahoo.com

## YUVA HORIZON

परम श्रद्धेय आचार्य श्री महाश्रमणजी के कर – कमलों द्वारा दिनांक 3.11.2012 को जसोल में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा प्रकाशित अंग्रेजी पत्रिका **YUVA HORIZON** का विमोचन हुआ। संस्कार निर्माण के उद्देश्य के साथ समसामयिक विभिन्न विषयों पर आधारित यह पत्रिका अंग्रेजी भाषा में रूचि रखने वालों, विशेषकर युवा पीढ़ी के लिए उपयोगी है। समस्त परिषदें इस पत्रिका के अधिक से अधिक सदस्य बनाने का प्रयास करें। सदस्यता शुल्क निम्न प्रकार है :–

**6 अंक 350/–** **12 अंक 700/–**

**श्री अमित नाहटा ( पर्यवेक्षक )**
Sri Jain Distributors
Mahavir Nagar, Araria Court - 854 311, Bihar
Mob : 09931708149, E-mail : amitabtyp@gmail.com

**श्री राजेश जम्मड़ ( प्रभारी-प्रकाशन )**
C/o Sumer Cloth Store
44 , Radha Bazar, Fancy Bazar,
Guwahati - 781 001 (Assam)
Mob : 09435011392, E-mail : r_jamar@yahoo.com

**विशेष ज्ञातव्य : 31 मार्च 2015 तक शाखा परिषदों द्वारा बनाये गये सदस्यों की संख्या के आधार पर विशिष्ट प्रकाशन सहयोगी पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा।**

## युवादृष्टि विशेषांक ( अर्पण )

आचार्य तुलसी जन्म शताब्दी पर प्रकाशित युवादृष्टि का विशेषांक ''अर्पण'' का लोकार्पण पूज्य प्रवर के करकमलों से दिनांक 14 नवम्बर 2013 को लाडनूं में सम्पन्न हुआ। विशेषांक वितरण केन्द्रों के माध्यम से युवादृष्टि सदस्यों तक पहुँचाया जा रहा है। विलम्ब के लिए क्षमा प्रार्थी है। केन्द्रों की जानकारी एवं उपहार कूपन युवादृष्टि के नवम्बर 2013 अंक के साथ प्रेषित किया जा चुका है।

सम्पर्क सूत्र : – **1. श्री प्रफुल्ल बेताला – 09337267213**
**2. श्री नितेश बैद – 09312255404**

## आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेन्टर

सेवा के क्षेत्र में स्थायी उपक्रमों में एकरूपता हो इस उद्देश्य के साथ शाखा परिषदों द्वारा डायग्नोस्टिक सेन्टर का संचालन हो, ऐसा निर्णय किया गया है। सभी शाखा परिषदों से अपेक्षा है कि अपने–अपने क्षेत्र में आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर का प्रारम्भ व संचालन करने की दिशा में अतिशीघ्र सलक्ष्य प्रयास करें। इस श्रृंखला में विजयनगर, बेंगलोर, उधना, सूरत, सिरसा व पीलीबंगा परिषदों द्वारा डायग्नोस्टिक सेंटर का सफल संचालन किया जा रहा है। डायग्नोस्टिक सेन्टर की विस्तृत जानकारी के लिये संपर्क करें।

**श्री विमल कटारिया ( पर्यवेक्षक )**
Records/Recognition
Vaishnodevi Souhardha Credit Co-Op Ltd.
550, 1st Floor, 4th Cross, 7th Main,
Hampinagar, Vijaynagar, Banglore - 560104 (Karnataka)
Mob : 09620799999, E-mail : vimalabtyp@gmail.com

**श्री मुकेश गुगलिया ( प्रभारी-ATDC )**
Pushpak Fashion
697/41 Dhanlaxmi Market, Opp. L K Trust Bldg.,
Revdi Bazar, Ahmedabad - 380 002
Mob : 09825451442, E-mail : m_gugaliya@yahoo.co.in

## अभातेयुप इतिहास

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् अपना स्वर्ण जयंति वर्ष मना रहा है। पचास साल के लम्बे सफर में परिषद् को आचार्य श्री तुलसी, आचार्य श्री महाप्रज्ञ व वर्तमान में आचार्य श्री महाश्रमण जी का दिशा निर्देश व आशिर्वाद प्राप्त है। स्थापना दिवस ''17 सितम्बर 1964'' से लेकर आज तक कई युवा साथियों ने परिषद् का नेतृत्व किया है। सबने अपने श्रम, पौरुष व कार्य कुशलता से परिषद् को नई ऊचाईयाँ प्रदान की है। अभातेयुप ने भी समय–समय पर युवा शक्ति को विभिन्न अलंकरणों से सम्मानित किया है।

अभातेयुप की वर्तमान टीम पचास साल के इतिहास को समाज के सामने प्रस्तुत करने जा रही है। जिसमें अभातेयुप के पूर्व अध्यक्ष, महामंत्री साथ ही अलंकरण से सम्मानित युवक रत्न, युवा गौरव, सेवाव्रती, आचार्य महाप्रज्ञ प्रतिभा पुरस्कार, आचार्य महाश्रमण युवा व्यक्तित्व पुरस्कार व श्रेष्ठकार्यकर्त्ता आदि महानुभावों से आलेख व संस्मरण आमंत्रित किये है, सबको जानकारी हेतु पत्र प्रेषित किये जा चुके हैं।

वर्तमान अभातेयुप सदस्य व शाखा परिषदों से निवेदन है कि आपके क्षेत्र में सम्बन्धित महानुभावों से सम्पर्क कर आलेख अध्यक्षीय कार्यालय भेजने का अनुरोध करें। इतिहास लेखन की आयोजना व संयोजना में आप सबका सहयोग अपेक्षित है।

## भवन विकास ( युवा संगम ) हेतु आर्थिक सहयोग का आह्वान

जैन विश्व भारती 'लाडनूं' के समीप 'युवा संगम' का दिनांक : 27 अक्टूबर 2013 को आचार्य श्री महाश्रमणजी के सान्निध्य में उद्‌घाटन समारोह हुआ। 'युवा संगम' में अवशेष कार्यों को सम्पादित करने हेतु सभी युवा साथियों एवं तेरापंथ समाज के श्रावक–श्राविकाओं से अनुरोध है कि भवन विकास में सहयोग अवश्य प्रदान करें। सहयोग राशि आप SBI, Ladnun A/c No. 30313076278 एवं OBC, Ladnun A/c No. 10272010002800 में जमा करा सकते हैं। जमा राशि की रसीद (Bank Counter Slip) कार्यालय में अविलम्ब भिजवाएं। अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें –

**श्री बी.सी. भलावत ( पर्यवेक्षक )**
Sunrise Housing Constructions Ltd.
Sunbeam Chambers, Ground Floor, New Marine Lines,
Opp. Liberty Cinema, Mumbai - 400020 (Maharashtra)
Mob : 09821117813, E-mail : bcjainabtyp@gmail.com

**श्री राजेश चावत ( प्रभारी–भवन निर्माण एवं विकास )**
Prem Jewellers
No. 7, 327/328/10, 1st Main, Chandra Layout,
Widia Layout, Vijaynagar, Bangalore - 560040
Mob : 09880208600, E-mail : nrajesh8600@gmail.com

## युवावाहिनी

युवावाहिनी तेरापंथ युवक परिषद् के संघीय और सामाजिक आवश्यकताओं के लिए प्राथमिकता के साथ रहने वाले सदस्यों का एक केन्द्रीयकृत नेटवर्क है।

तेरापंथ युवक परिषद् की समस्त शाखाएं अपने यहाँ युवावाहिनी का गठन करें। इनमें अपनी परिषद् के 10–20 प्रतिशत सदस्यों का एक समूह **युवावाहिनी** के नाम से बनाएं। जिसमें उन युवकों को प्राथमिकता दी जाये जो परमपूज्य आचार्यप्रवर की रास्ते की सेवा/संघीय आयोजनों, विभिन्न कार्यों में स्वयं को नियोजित करने में विशेष रूचि रखते हों। युवावाहिनी के सदस्यों का स्वास्थ्य सामान्यतः अच्छा हो, इसका भी ध्यान रखें। ये सदस्य संघ को मिलिट्री फोर्स की तरह सेवा देने के लिए तत्पर रहें।

युवावाहिनी के सदस्यों की सूची राष्ट्रीय महामंत्री श्री हनुमानचंद लुंकड़ को प्रेषित करें।

अभातेयुप क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुसार परिषदों के अध्यक्ष के माध्यम से युवावाहिनी की सेवाओं के लिए निर्देशित करेगी। आचार्यप्रवर के दिल्ली चातुर्मास के पश्चात् सुदीर्घ पूर्वोत्तर यात्रा में रास्ते की सेवा में युवावाहिनी की विशेष भूमिका परिलक्षित हो।

इस सम्बन्ध में विशेष जानकारी के लिए संगठन मंत्री अमित नाहटा से सम्पर्क किया जा सकता है।

**श्री अमित नाहटा ( संगठन मंत्री, अ.भा.ते.यु.प )**
Sri Jain Distributors
Mahavir Nagar, Araria Court - 854 311, Bihar
Mob : 09931708149, E-mail : amitabtyp@gmail.com

## चौका ''सत्कार''

गुरुदर्शन व सेवा हेतु समागत युवा साथियों के सत्कार के लिए 6 दिसम्बर 2013, रतनगढ़ से आगे निरंतर स्थाई रूप से चल (मोबाईल) ''**सत्कार**'' व्यवस्था प्रारम्भ की गई है जो अहिंसा यात्रा के साथ बिराटनगर तक अनवरत चलेगी। सभी युवा साथियों का इसमें स्वागत है। व्यवस्था हेतु कृपया पूर्व सूचना अवश्य दें।

**श्री गजेन्द्र बोथरा ( प्रभारी - डेरा व्यवस्था )** - 09414116841
**श्री किशोर भंसाली** - 09374614000
**श्री राजू हीरावत** - 09166760363



सहयोगी
साधना सुल्ज फैब प्रा. लि., भीलवाड़ा
श्रद्धानिष्ठ श्रावक स्व. श्री सोहनलालजी चौरड़िया
की पुण्य स्मृति में
श्रीमती शांतादेवी चौरड़िया पुत्र श्री अनिलकुमार, सुनिलकुमार चौरड़िया
लाछुड़ा-भीलवाड़ा



# अभातेयुप के पदाधिकारी/प्रभारी/कार्यकारिणी सदस्य/क्षेत्रीय सहयोगी द्वारा की गई यात्राओं का संक्षिप्त विवरण।

## श्री अविनाश नाहर - अध्यक्ष

| दिनांक | स्थान | सान्निध्य | कार्यक्रम | सहयोगी |
|---|---|---|---|---|
| 01.01.2015 | जयपुर | साध्वीश्री रतनश्रीजी | नववर्ष के उपलक्ष में भक्ति संध्या | श्री सुरेन्द्र सेठिया, श्री कैलाश डागा श्री हितेश भांडिया,श्री राजेश दुधेड़िया, श्री पंकज दुगड़, श्री छवि बैंगानी |
| 04.01.2015 | भीलवाड़ा | मुनिश्री अर्हत्कुमारजी | राजस्थान राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन | श्री बी.सी. भलावत, श्री नरेन्द्र माण्डोत्तर, श्री हनुमानचंद लुंकड़, श्री संजय जैन, श्री नवीन वागरेचा, श्री रमेश सोनी, श्री प्रवीण ओस्तवाल, श्री लक्की कोठारी, श्री संजय चौरड़िया, श्री मनीष रांका, श्री दीपक पुगलिया, श्री राजेश दुधेड़िया, श्री प्रमोद भंसाली, श्री निर्मल गोखरू, श्री सुनील दक |
| 04.01.2015 | भीलवाड़ा | साध्वीश्री शान्ताकुमारीजी | सेवा उपासना | श्री नरेन्द्र माण्डोत्तर, श्री हनुमानचंद लुंकड़, श्री संजय जैन, श्री राजेश दुधेड़िया, श्री निर्मल गोखरू |
| 04.01.2015 | आसींद | साध्वीश्री धनश्रीजी | संगठन यात्रा | श्री राजेश दुधेड़िया |
| 17.01.2015 | बेंगलोर | साध्वीश्री कंचनप्रभाजी | सेवा उपासना | श्री हनुमानचंद लुंकड, श्री राजेश चावत |
| 17.01.2015 | विजयनगर बेंगलोर | ............... | चतुर्थ प्रबन्ध मण्डल बैठक | श्री बी.सी. भलावत, श्री हनुमानचंद लुंकड, श्री संजय जैन, श्री सुरेन्द्र सेठिया, श्री विमल कटारिया, श्री अमित नाहटा |
| 18.01.2015 | विजयनगर बेंगलोर | ............ | सकल जैन समाज बेंगलोर के विभिन्न संगठनों द्वारा अभातेयुप का अभिनन्दन समारोह | अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् परिवार |
| 18.01.2015 | विजयनगर बेंगलोर | ............ | चतुर्थ कार्यसमिति बैठक | अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् परिवार |
| 23-24.01.2015 | कानपुर | पूज्य प्रवर | मर्यादा महोत्सव | श्री बी.सी. भलावत, श्री अनिल सांखला, श्री गौरव माण्डोत, श्री राजेन्द्र खटेड़, श्री अशोक सिंघवी, श्री अजय जैन, श्री सुभाष सिंघी, श्री बच्छराज बोथरा, श्री जगत संचेती, श्री मर्यादा कोठारी, श्री गौतमचंद डागा, श्री राजेश सुराणा |
| 26.01.2015 | जयपुर | ............ | गणतंत्र दिवस समारोह एवं राजभवन सम्मान समारोह | श्री सुरेन्द्र सेठिया, श्री हितेश भांडिया, श्री गौरव माण्डोत, श्री राजेश दुधेड़िया, श्री पंकज दुगड़ |
| 30.01.2015 | कांदीवली | साध्वीश्री सोमलताजी साध्वीश्री ललितप्रभाजी साध्वीश्री साधनाश्रीजी | सेवा उपासना | श्री पंकज सिसोदिया |

## श्री बी.सी. भलावत - उपाध्यक्ष I

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 14.01.2015 | राजनगर | ............... | नशामुक्ति, संस्कार निर्माण एवं स्नेह मिलन | श्री रमेश सोनी, डॉ. विमल कावड़िया |

## श्री हनुमानचन्द लुंकड़ - महामंत्री

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 27.01.2015 | अणुव्रत भवन दिल्ली | मंत्री मुनिश्री सुमेरमलजी | सेवा उपासना | श्री श्रेयांस डागा, श्री मुकेश सेठिया |
| 27.01.2015 | साधना केन्द्र दिल्ली | मुनिश्री सुमेरमलजी (सुदर्शन) मुनिश्री किशनलालजी | सेवा उपासना | श्री संदीप डूंगरवाल |
| 28.01.2015 | रूमा | आचार्य प्रवर | रास्ते की सेवा | श्री अजय सेठिया |
| 28.01.2015 | कानपुर | ............... | मीडिया नीति बैठक | श्री बजरंग जैन |
| 29.01.2015 | सरसौले | ............... | कल्याण परिषद् बैठक | ............... |
| 29.01.2015 | सिंधनूर | ............... | संगठन यात्रा | श्री दिनेश छाजेड़, श्री राजेन्द्र छल्लानी |

## श्री दिनेश छाजेड़ - क्षेत्रीय सहयोगी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 30.01.2015 | कोप्पल | ............... | संगठन यात्रा | ............... |
| 31.01.2015 | गंगावती | ............... | संगठन यात्रा | ............... |

## चिकित्सा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में प्रशंसनीय सेवाओं के लिए सम्मान

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद सेवा, संस्कार एवं संगठन के क्षेत्र में कार्य करने वाली अग्रणी संस्था है। चिकित्सा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में प्रशंसनीय सेवाओं के लिए सराहना स्वरूप प्रशस्ति–पत्र राजस्थान सरकार द्वारा अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् को राज्यपाल श्री कल्याणसिंह जी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे द्वारा राजभवन में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में 26 जनवरी 2015 को सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 6 सितम्बर 2014 को अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा सम्पूर्ण भारत में विश्व के बड़े रक्तदान अभियान का अयोजन किया गया था। जिसके अन्तर्गत् 682 केन्द्रों में एक साथ एक ही दिन में 100212 युनिट रक्त संग्रहण कर कीर्तिमान स्थापित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस अवसर पर समस्त रक्तदाताओं, केन्द्र एवं राज्य सरकारों व विभिन्न संगठनों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए बताया कि संगठन द्वारा आयोजित नशामुक्ति अभियान, स्वच्छता अभियान, हेल्थ चेकअप केम्प, डाइग्नोस्टिक सेन्टरों का संचालन, कैंसर रोकथाम अभियान, नेत्र चिकित्सा एवं शल्य चिकित्सा आदि विभिन्न मानव कल्याणकारी कार्य के साथ–साथ असहाय लोगों को कम्बल वितरण, पठनीय सामग्री वितरण, स्कुलों में मिड–डे मिल आदि कार्यक्रमों में विशिष्ट भुमिका के साथ युवा शक्ति जुड़ी है।

इस गरिमामयी कार्यक्रम में अनेकों गणमान्य व्यक्तियों ने संगठन के कार्यों के प्रति अपनी शुभकामना प्रेषित की। संगठन द्वारा सामाजिक सरोकार के विभिन्न आयोजन सम्पादित किये जाते हैं, जो कि युवकों को प्रोत्साहित करने में योगभूत बनते हैं।

सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों हेतु तेरापंथ युवक परिषद्, पुर को जिला प्रशासन भीलवाड़ा की ओर से मुख्य सचेतक (राजस्थान सरकार) श्री कालूलाल गुर्जर द्वारा 26 जनवरी 2015 को सम्मानित किया गया। यह सम्मान परिषद् अध्यक्ष श्री दिनेश खाब्या ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ. रविकुमार सुरपुर भी उपस्थित थे।

संगठन को प्राप्त उपरोक्त सम्मान के लिए पूज्य प्रवर के आशीर्वाद के लिए कृतज्ञता, धर्मसंघ की युवा शक्ति एवं समस्त सहयोगियों को हार्दिक बधाई।







## चौका ''सत्कार'' एवं अन्य व्यवस्था सहयोगी

1. श्री मनोहरलालजी विमलजी, चिरागजी, यशजी कटारिया, बेमाली–विजयनगर, बेंगलुरू
2. श्री सुमतीचंदजी गोठी (श्री मदनचंद तोलामल गोठी चैरिटेबल ट्रस्ट, मुम्बई)
3. V.D.S. जैन हायर सैकण्डरी स्कूल, श्री सायरदेवी दानमल साहुकार एजुकेशनल ट्रस्ट, तिरूवन्नामलै
   V. पवनकुमार (प्रबन्ध न्यासी), D.S. राजकुमार (मंत्री), D. वसन्तकुमार (कोषाध्यक्ष)
   V. जयचंद, D.S. राजेन्द्रकुमार, V. सुदर्शनकुमार, D. श्रेयांसकुमार, V. सुरेन्द्रकुमार, V. नरेन्द्रकुमार सेठिया
4. श्री मूलचंदजी, गौतमचंदजी, डूंगरचंदजी, ललितकुमारजी, सुरेन्द्रकुमारजी सालेचा, जसोल
5. श्री पुष्पराजजी कैलाशचंदजी कोठारी, जसोल
6. साधना सुल्ज फैब प्रा. लि., श्रद्धानिष्ठ श्रावक स्व. श्री सोहनलालजी चौरड़िया की पुण्य स्मृति में
   श्रीमती शांतादेवी चौरड़िया पुत्र श्री अनिलकुमार, सुनिलकुमार चौरड़िया, लाछुड़ा–भीलवाड़ा
7. तेरापंथ युवक परिषद्, कोयम्बटूर
8. श्री चैनरूपजी, आलोककुमारजी पटावरी (मोमासर–कोलकात्ता)
9. श्री अमरदीपजी जैन, हिसार
10. श्री कोमलचंदजी, किशोरकुमारजी भंसाली (जोजावर–सूरत)
11. तेरापंथ युवक परिषद्, मैसूर
12. तेरापंथ युवक परिषद्, पेटलावद
13. स्व. दानमलजी रतनीदेवीजी नौलखा (सरदारशहर–गुलाबबाग)
14. तेरापंथ युवक परिषद्, मोमासर
15. तेरापंथ युवक परिषद्, लुधियाना
16. तेरापंथ युवक परिषद्, अहमदगढ़
17. तेरापंथ युवक परिषद्, जगराओं
18. श्रीमती भंवरीदेवीजी संचेती, मोमासर
19. श्री विजयसिंहजी हीरावत (रतनगढ़–जयपुर)
20. श्री अभिलेषजी संचेती, मोमासर
21. तेरापंथ युवक परिषद्, गोविन्दगढ़ मण्डी

## विशेष सहयोगी

1. श्री भूपेन्द्रजी, प्रवीणजी, संजयजी गुप्ता, दिल्ली
2. तेरापंथ युवक परिषद्, चेन्नई
3. तेरापंथ युवक परिषद्, मोमासर
4. श्री बलभद्रजी विनयजी जैन, कानपुर
5. श्री कपूरचन्दजी, संजयकुमारजी, मनोजकुमारजी श्रीश्रीमाल (खिंवाड़ा–ठाणे)
6. श्री अशोकजी भंसाली, जोजावर–वाशी, मुम्बई
7. श्री कमलेशजी लालचंदजी श्रीश्रीमाल, खिंवाड़ा–ठाणे
8. श्री जुगराजजी महेन्द्रजी नाहर (दिवेर–मैसूर)
9. तेरापंथ युवक परिषद्, बेंगलूरू
10. तेरापंथ युवक परिषद्, गोवाहाटी
11. श्री जितेन्द्र पुगलिया, कोयम्बटूर
12. तेरापंथ युवक परिषद्, उधना
13. श्री सज्जनलालजी संदीपकुमारजी पारख (श्रीडुंगरगढ़–सिलीगुड़ी)
14. श्री बच्छराजजी राजकुमारजी बुच्चा, सरदारशहर–कानपुर
15. तेरापंथ युवक परिषद्, उदयपुर
16. श्री मांगीलालजी सुभाषजी सिंघी (श्रीडुंगरगढ़–सिलीगुड़ी)
17. श्री बाबुलालजी अरविन्दकुमारजी आच्छा (बड़ाखेड़ा–चेन्नई)
18. तेरापंथ युवक परिषद्, कूचबिहार
19. श्री सुशीलजी मिन्नी (भीनासर–सिलीगुड़ी)
20. श्री दीपकजी महनोत (उदासर – सिलीगुड़ी)
21. श्री संजयजी नाहटा (कालू–सिलीगुड़ी)
22. श्री दिनेशजी आंचलिया (सरदारशहर–सिलीगुड़ी)
23. श्री मनीषजी खटेड़ (तारानगर–सिलीगुड़ी)
24. श्री हेमन्तजी बैद (लाडनूं–सिलीगुड़ी)
25. श्री सुशीलजी भंसाली (टमकोर–सिलीगुड़ी)
26. श्री सुरेन्द्रजी घोड़ावत (सादुलपुर–सिलीगुड़ी)

1. पूनमचन्द संचेती चेरीटेबल ट्रस्ट, कोलकात्ता
2. श्री अमीचन्दजी प्रकाशचंदजी गादिया, खिंवाड़ा–चेम्बूर
3. श्री मोतीलालजी जितेन्द्रकुमारजी जीरावला, जसोल
4. श्री शान्तिलालजी भंसाली – जय विजय ग्रुप
5. श्री अशोककुमारजी अभिषेककुमारजी ढेलड़िया, जसोल
6. श्री सुरेन्द्रकुमारजी महावीरचंदजी सालेचा, जसोल
7. श्री शंकरलालजी सोहनराजजी ढेलड़िया, जसोल
8. श्री महेन्द्रजी चौपड़ा, पचपदरा
9. श्री ताराचंदजी जवेरीलालजी कांटेड़, पचपदरा
10. श्री विकासजी भदाणी, पचपदरा
11. तेरापंथ युवक परिषद्, बायतु
12. श्री सुरेशकुमारजी गौरवकुमारजी भंसाली (झण्डानी), बायतु
13. श्री कन्हैयालालजी अरूणेशजी कांटेड़, आसींद




## अधिवेशन आयोजन परिकल्पना

साथियो! अधिवेशन एक ऐसा अवसर है जहाँ देश भर की शाखा परिषदों के युवा एवं किशोर अतीत का अवलोकन, वर्तमान की समीक्षा एवं भविष्य के कार्यक्रमों की परिकल्पना के बारे में चिन्तन, मन्थन एवं मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं। आप सभी जागरूक एवं चिन्तनशील कार्यकर्त्ता हैं। आपके सुझावों एवं सहभागिता से परिषदें नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है। गत् वर्षों में अधिवेशन का आयोजन Theme Based रहा है। इस बार भी आपके सुझावों से नई Theme की परिकल्पना साकार हो, अतः साथियों आगामी अधिवेशनों की समुचित Theme महामंत्री कार्यालय में 28 फरवरी 2015 तक प्रेषित करें।

1. 10वाँ किशोर मण्डल अधिवेशन, अहमदाबाद
2. अर्द्धवार्षिक अधिवेशन एवं कार्यकर्त्ता प्रशिक्षण शिविर, सिरीयारी
3. 49वाँ वार्षिक अधिवेशन, विराटनगर (नेपाल)

**उपयुक्त चुनी गई Theme को सम्बन्धित अधिवेशन में पुरस्कृत किया जाएगा।**

**गत् वर्षों की Theme इस प्रकार थी :**

जयपुर – ज्यों–ज्यों चरण बढ़ेंगे आगे.... (42वाँ वार्षिक अधिवेशन)
लाडनूं – स्वर गूंजे निर्माण के (43वाँ वार्षिक अधिवेशन)
सरदारशहर – बढ़े चले हम रूके न क्षण भी (44वाँ वार्षिक अधिवेशन)
केलवा – हे प्रभो! यह तेरापंथ (45वाँ वार्षिक अधिवेशन)
जसोल – निर्झर (46वाँ वार्षिक अधिवेशन)
लाडनूं – स्वर्ण जयन्ती (47वाँ वार्षिक अधिवेशन)
दिल्ली – योगक्षेमं वहाम्यहम् (48वाँ वार्षिक अधिवेशन एवं स्वर्ण जयन्ती समापन समारोह)



राजस्थान सरकार

प्रशस्ति–पत्र

एतद्द्वारा श्री अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्, जयपुर को चिकित्सा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में की गई प्रशंसनीय सेवाओं के लिये सराहना स्वरूप यह प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाता है।

जयपुर
दिनांक : 26 जनवरी 2015

(सी.एस. राजन)
मुख्य सचिव

अध्यक्ष
अविनाश नाहर
"वैभव कुंज", 51–केशव विहार
गोपालपुरा बाईपास, जयपुर – 302 018 (राजस्थान)
फोनः 0141–2760328, 2760662
फैक्सः 0141–2760148, मोबाईलः 098290 60328
ई–मेलः avinashabtyp@gmail.com

महामंत्री
हनुमान चन्द लुंकड़
विमल टेक्सटाईल शोरूम
बैंगलोर रोड़
सिंधनूर – 584 128, जिला – रायचूर (कर्नाटक)
फोनः 08535.220343, मोबाईलः 09448190343
ई–मेलः hanumanabtyp@gmail.com

**पंजीकृत कार्यालयः** "युवालोक", पो. बॉ. न. 16, लाडनूं – 341 306 (राजस्थान). फोनः 01581–226114. e-mail: abtyp.ladnun@yahoo.in
**प्रशासनिक कार्यालयः** "अणुव्रत भवन", 210 – दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, तीसरी मंजिल, नई दिल्ली – 110 002, फोन : 011–23210593
Society Registration 588/83-84 Dt. 30/03/1984 . NGO unique ID DL/2012/0048117 visit us : www.abtyp.com